राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 159वीं बैठक के कार्यवृत्त

दिनांक **28.11.2023** को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की **159वीं** बैठक **श्री अजय कुमार खुराना**, अध्यक्ष, एसएलबीसी राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्री श्रीकान्त नामदेव, निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार, श्री भवानी सिंह देथा, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, श्रीमती मंजु राजपाल, राज्य परियोजना निदेशक, राजीविका विभाग, राजस्थान सरकार, श्री नवीन नंबियार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर, श्री विकास अग्रवाल, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर, डॉ मुकेश कुमार शर्मा, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर, डॉ. राजीव सिवाच, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, जयपुर, श्री हर्षदकुमार टी. सोलंकी, संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान एवं महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री आलोक सिंघल, सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी, राजस्थान सहित राज्य सरकार एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, नाबार्ड, सिडबी, विभिन्न बैंकों, बीमा कम्पनियों व वित्तीय संस्थाओं के कार्यपालकों/ अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गई। **(संलग्न सूची के अनुसार)**

महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सर्वप्रथम मंच पर विराजमान गणमान्य उच्च अधिकारियों व राज्य सरकार के अधिकारी-गण, दोनों ग्रामीण बैंको के अध्यक्ष, सभी बैंकर्स, बीमा कंपनियों के अधिकारियों एवं समिति की बैठक में पधारे समस्त अतिथियों का राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 159वीं बैठक में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होने सदन को निम्नानुसार अवगत कराया-

- **R-SETI Training Programmes**: उन्होने सभी आर-सेटी संयोजक बैंकों से अनुरोध किया कि संबन्धित आर-सेटी की प्रभावशाली मोनिटरिंग करें एवं आर-सेटी निदेशकों को निर्देशित करें कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उच्च आय प्रदान करने वाले कौशलों एवं उद्यमों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करें।

(कार्यवाही: समस्त आर-सेटी संयोजक बैंक)

- **Expanding & Deepening of Digital Payments Ecosystem:** उन्होने सभी बैंकों एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध किया कि भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र दिनांक 09.08.2023 की अनुपालना में, उचित कार्ययोजनना बनाते हुए, राज्य को 100% डिजिटल राज्य बनाने की दिशा में सक्रियता से प्रयास करें।
- **स्वयं सहायता समूह**- बैंक शाखाओं द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बचत खाते खोलते समय समूह के सभी सदस्यों के दस्तावेज़ मांगना, बार-बार सदस्यों को बैंक शाखाओं में बुलाये जाने वाले प्रकरण सामने आए हैं। नियमानुसार स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों के ही दस्तावेज़ एवं शाखा में उपस्थिती अनिवार्य है। बैंकों से अनुरोध कि शाखाओं को यथानुसार निर्देशित करें। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय डोज़ में न्यूनतम निर्धारित ऋण राशि क्रमशः रु 1.50 लाख व रु 3.00 लाख प्रदान करना एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को राज्य एवं केंद्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।
- **'पीएम विश्वकर्मा योजना'** - 'पीएम विश्वकर्मा योजना' की शुरुआत दिनांक 17 सितंबर, 2023 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी। इस योजना का उद्देश्य 'विश्वकर्मा' के रूप में संदर्भित पारंपरिक कारीगरों (लोहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, मूर्तिकार आदि जैसे व्यवसायों में लगे हुए) के विकास को बढ़ावा देना/ सहायता करना है। प्रारंभ में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार इस योजना में -18- व्यवसायों के सभी दस्तकारों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है एवं योजना में 1st tranche में रु. 1.00 लाख व 2nd tranche में रु. 2.00 लाख, कुल राशि रु. 3.00 लाख का ऋण प्रदान किया जायेगा।

उन्होने सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे राज्य के विकास हेतु **केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं** में अपना योगदान प्रदान करें। एमएसएमई एवं कृषि से संबन्धित प्रमुख योजनाओं का समर्थन करने से न केवल हमारे Micro Enterprises के Portfolio में वृद्धि होगी बल्कि राज्य में रोजगार एवं कृषि से जुड़ी अधिकतम निवासियों का समग्र आर्थिक विकास होगा।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

तत्पश्चात उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान के अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा को मुख्य उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया।

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान एवं कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैठक में मंचासीन सभी गणमान्य अथितियों एवं अन्य हितधारकों के अधिकारियों एवं राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होने सदन को संबोधित करते हुए निम्नानुसार अवगत कराया–

- सभी बैंकों से अनुरोध है की governance के 3 घटकों robust risk management, compliance culture (including ethics), और internal audit को रोज़ की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाएँ ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पिछले कुछ वर्षों में बैंकों द्वारा प्राप्त किए गए वित्तीय मापदंडों में और सुधार जारी रहे।
- वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 01 अक्टूबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक "घर घर केसीसी अभियान" शुरू किया गया है जिसके तहत सभी पात्र पीएम किसान के लाभार्थी किसानों को फसल की खेती, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन आदि के लिए किसान क्रेडिट ऋण प्रदान किया जावेगा।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार ने 01.10.2023 से 31.12.2023 तक सभी जिलों में ग्राम पंचायत (GP) स्तर पर जन सुरक्षा योजनाओं (PMJJBY और PMSBY) के तहत संतृप्ति के लिए 3 महीने का अभियान शुरू किया है।
- सभी सदस्य बैंकों एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध है कि वे उक्त अभियानों को सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

आगे उन्होने राजस्थान के कुछ **नवीनतम घटनाक्रमों** पर प्रकाश डालते हुए सूचित किया कि-

- राजस्थान सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने के पश्चात 19 नए जिले बनाए गए हैं और फलस्वरूप राज्य में जिलों की संख्या बढ़ाकर 50 हो गयी है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नए जिलों हेतु लीड बैंक का चयन कर लिया है। सभी चयनित लीड बैंक नए जिलों में शीघ्र ही अग्रणी जिला कार्यालय की स्थापना करें एवं अन्य सभी बैंकों से अनुरोध है कि नए जिलों में ज़िला समन्वयक एवं उनके पूर्तिकर चिन्हित करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें जिसकी प्रति भारतीय रिज़र्व बैंक को भी प्रेषित की जाये।

(कार्यवाही: एसएलबीसी एवं समस्त सदस्य बैंक)

- **Brick & Mortar Branches**: DFS के निर्देशों के अनुसार, राजस्थान में Brick and Mortar Branch खोलने के लिए **95 Locations** को चिन्हित किया गया है। जिनमें से **89** Locations पर शाखाएं पहले से कार्यरत हैं अथवा आवंटन के बाद खोली गई हैं। सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध है कि वे आवंटित शेष **6 Locations** पर जल्द से जल्द Branch खोलें।
- DFS द्वारा **13** गांवों की सूची प्रदान की गयी है जिनकी जनसंख्या 3,000 से अधिक है लेकिन वहां Brick and Mortar Branch नहीं है जिनमे संबन्धित बैंकों को 31.12.2023 तक Brick and Mortar Branch खोलने हेतु निर्देशित किया गया था। जिनमें से **7 Locations** पर शाखाएं पहले से कार्यरत हैं अथवा आवंटन के बाद खोली गई हैं। सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध है कि वे आवंटित शेष **6 Locations** पर जल्द से जल्द Branch खोलें।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग द्वारा 17.03.2023 को राज्य के **180** गांवो की सूची प्रदान की गयी है जो कि किसी भी Banking Outlet से covered नहीं है। अभी तक इनमें से **175** गांवो को Banking Outlet से covered कर दिया गया है एवं **5** केंद्र कवर करने हेतु लंबित हैं।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

उन्होने राज्य में बैंकों के विभिन्न **key indicators जैसे Business Growth, Priority Sector Lending आदि** की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सूचित किया कि-

- सितंबर, 2023 के अंत में राज्य के सभी बैंकों का Total Business **रु 12.57 लाख करोड़** पहुंच गया है। बैंकों ने Deposit में **13.53%** की Y-o-Y Growth की है और Advances में **24.11%** की Y-o-Y Growth की है।
- राज्य का CD Ratio सितम्बर, 2023 तक **93.18%** है और यह RBI Benchmark से काफी ऊपर है। **Advances to Priority Sector** ने **20.50%** की Y-o-Y Growth की है। Agriculture Advances में **12.01%** की Y-o-Y Growth हुई है जिसमे निवेश कृषि ऋण पर ध्यान देते हुए और सुधार करने की आवश्यकता है एवं MSME Advances में **29.15%** की Y-o-Y Growth हुई है जो सराहनीय है।

- Financial Year 2023-24 में सितम्बर, 2023 तक **Total Priority Sector** के ACP के लक्ष्यों के सापेक्ष Achievement **64.93%** है। **MSME** के ACP मे Achievement **94.04%** और **Agriculture** के ACP में Achievement **52.58%** है।

उन्होने सभी बैंकों से निम्न बिन्दुओ पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया:

- KCC Saturation Drive में सभी पात्र किसानों को फसल एवं पशुपालन हेतु KCC Card दिया जाना।
- कृषि क्षेत्र में Investment Credit में 40% के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप प्रगति करना।
- विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत सभी लम्बित आवेदन पत्रों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण एवं स्वीकृत ऋण आवेदनों में समय पर ऋण वितरित कराना।
- 'Digital Financial Literacy' एवं cyber security संबन्धित जागरूकता के प्रसार पर ध्यान दें।
- निर्धारित समय सीमा में राज्य के सभी जिलों को 100% डिजिटल ज़िला बनाते हुए राज्य को 100% डिजिटल राज्य बनाना।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- 06 माह में MSME को दिये गए लक्ष्यों की उच्च उपलब्धि को देखते हुए SLBC द्वारा इन लक्ष्यों की समीक्षा की जा सकती है। ACP 2024-25 को औपचारिक रूप प्रदान करते समय इसपर ध्यान दिया जा सकता है।

(कार्यवाही: एसएलबीसी)

अंत में उन्होने **राजस्थान सरकार के पास समाधान हेतु लंबित बैंकों से संबन्धित मुद्दों** पर बैठक के दौरान राज्य सरकार से उचित समाधान प्राप्त होने की आशा व्यक्त की।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- वर्ष 2047 तक भारत सरकार ने भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है जो बैंकों और बीमा कंपनियों के माध्यम से साकार हो रहा है। इस उद्देश्य से सरकारी योजनाओं का पैसा वंचितों तक पहुंचाने एवं वित्तीय समावेशन व डिजिटलीकरण के कार्य करने में बैंकों और बीमा कंपनियों की मुख्य भूमिका है।
- भारत एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाकर इनमे संतृप्ति उपलब्ध करने का बैंक प्रयास करें।
- पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन हेतु जमा खातों का पुष्टीकरण प्रक्रियाधीन है, जिसमे गति लाने का सभी बैंकों से अनुरोध है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- चयनित केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टार शाखा खोला जाना सभी संबन्धित बैंक सुनिश्चित करें। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा गत 2 तिमाहियों से आवंटित केन्द्रों पर शाखा खोले जाने में कोई प्रगति नहीं की गयी है जो स्वीकारीय नहीं है। यदि किसी बैंक को ब्रिक और मोर्टार शाखा खोलने में समस्या आ रही है तो राज्य सरकार/ स्थानीय प्रशासन से सहयोग प्राप्त करें।

(कार्यवाही: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

- पंचायती राज स्तर पर भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व' योजना के तहत ग्रामीण आबादी को उनकी ग्रामीण संपत्ति के लिए Property Card जारी किया जावेगा जिसके आधार पर उन्हे बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकेगी।

(कार्यवाही: ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग तथा राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार)

- भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण प्रक्रिया में रह गयी त्रुटियों का निराकरण करना आवश्यक है।

(कार्यवाही: भू-प्रबंधन विभाग, राजस्थान सरकार)

- राज्य सरकार से अनुरोध है कि सरकारी योजनाओं के तहत दिये गए ऋणों की वसूली करने में तथा राको-रोडा व सरफेसी में लंबित वसूली के मामलों का शीघ्र निपटान करवाने में बैंकों को आवश्यक सहयोग एवं संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें।
- राज्य में बैंकों से संबन्धित कई मुद्दे, जो राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आते हैं तथा जिनमे लंबे समय से कोई कार्यवाही नहीं की गयी है अथवा कार्यवाही की गति धीमी है, उनमे यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु राजस्व विभाग से अनुरोध है।

(कार्यवाही: राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- सभी सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों के पास लंबित आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करें तथा स्वीकृत ऋण आवेदनों में जल्द-से-जल्द ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य उपलब्धि करना सुनिश्चित करें।
- कुछ बैंकों द्वारा आवंटित केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टार शाखाएं खोले जाने में कोई प्रगति नहीं की गयी है जो चिंतनीय है। यदि किसी बैंक को ब्रिक और मोर्टार शाखा खोलने में समस्या आ रही है तो राज्य सरकार/ स्थानीय प्रशासन से सहयोग प्राप्त करें।
- बैंकों से अनुरोध है कि डिजिटल साक्षारता को बढ़ावा देने के साथ इससे संबन्धित जोखिमों के बारे में भी ग्राहकों को जागरूक करें।
- डीसीसी/ डीएलआरसी बैठकों की गुणवत्ता एवं इनमे बैंकों एवं सरकारी विभागों द्वारा उचित सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। एसएलबीसी द्वारा तिमाही में हुए बीएलबीसी एवं डीसीसी/डीएलआरसी बैठकों का विवरण प्रस्तुत किया जाए। साथ ही बैंक मित्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं उनके द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने हेतु बैंकों द्वारा उचित कदम उठाए जाएँ।
- सभी बैंक अधिक से अधिक IIBF प्रमाणीकृत स्वयं सहायता सहूम की महिलाओं को बैंक सखी के रूप में नियुक्त करने का प्रयास करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने राज्य परियोजना निदेशक, राजीविका को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

राज्य परियोजना निदेशक, राजीविका ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- स्वयं सहायता समूह अभियान के तहत राज्य संतृप्ति स्तर के निकट है, जिसके लिए बैंकों को धन्यवाद है।
- राज्य में स्वयं सहायता समूहों को लगभग 1,000 Cluster Level Federations (CLF) में सहकारी समितियों के रूप में पंजीकृत किया गया है। बैंकों से अनुरोध है कि विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास करने हेतु वह ग्रामीण विकास विभाग एवं राजीविका, राजस्थान सरकार का सहयोग प्राप्त करें जिससे इन CLFs के माध्यम से ग्रामीणों को संबंधित योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि स्वयं सहायता समूहों के लंबित बचत खातों एवं ऋण के लंबित आवेदनों का जल्द-से जल्द निपटान करें तथा स्वीरित ऋण आवेदनों में समय से ऋण वितरण करें। साथ ही पहली डोज़ में कम से कम रु 1.5 लाख एवं दूसरी डोज़ में कम से कम रु 3 लाख का ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें।
- पोर्टल पर सूक्ष्म उद्योगों के लगभग 2,600 आवेदन लंबित है, जिनका शीघ्र निस्तारण करने का बैंकों से अनुरोध है।
- राजीविका द्वारा नियोजित स्वयं सहयात समूहों का NPA लगभग 1% हैं किन्तु पोर्टल से संबन्धित मंत्रालय को प्राप्त होने वाले डाटा के अनुसार राज्य में स्वयं सहयात समूहों का NPA लगभग 3% हैं। बैंकों से अनुरोध है कि वे उन स्वयं सहायता समूहों का विवरण प्रदान करें जो राजीविका से संबंधित नहीं हैं, किन्तु जिन्हें ऋण प्रदान किया गया है, जिससे राजीविका इन स्वयं सहायता समूहों से ऋण वसूली करने में बैंकों की सहायता कर सके।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- राज्य में वित्तीय समावेशन में और गति लाने की आवश्यकता है।

- सरकारी योजनाओं के तहत राज्य का प्रदर्शन कई अन्य राज्यों से सराहनीय है, जैसे स्वयं सहायता समूहों का credit linkage, डिजिटलीकरण, केसीसी संतृप्ति इत्यादि।
- राज्य में वाणिज्यिक बैंकों में लगभग 80,000 कर्मचारी कार्यरत है। राज्य की जन-संख्या लगभग 8 करोड़ है एवं घरों (households) की संख्या लगभग 1.6 करोड़ है। अतः प्रति कर्मचारी 200 घरों को मैप किया जा सकता है। इस कार्य में प्रभावकारिता लाने हेतु human resource की सुव्यवस्था एवं सुनियोजन किया जाना आवश्यक है। साथ ही राज्य में लगभग 80,000 बैंक मित्र उपलब्ध हैं जिनका सहयोग वित्तीय समावेशन हेतु आवश्यक है।
- बैंकों में मौजूद स्टाफ द्वारा सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से कार्य करने के लिए निम्न जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है-
  - कितने घर औपचारिक संस्थागत वित्तपोषण से वंचित है?
  - कितने घरों में smartphone एवं internet connection उपलब्ध नहीं है?
  - समय एवं दूरी के आधार पर निकटतम banking outlet कहाँ उपलब्ध है?
  - अंतिम बार बैंक मित्र ने कब विजिट किया एवं कितनी बार विजिट किया?
  - कितने पात्र व्यक्तियों ने अन-औपचारिक चैनल से ऋण लिया है, जिन्हे औपचारिक संस्थागत ऋण दिया जा सकता है।

(कार्यवाही: भारतीय रिजर्व बैंक एवं एसएलबीसी)

- राज्य में क्रेडिट पेनीट्रेशन की वस्तुस्थिति जानने के लिए क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनियों का सहयोग लिया जा सकता है।
- उक्त सूचनाओं से राज्य एवं केंद्र सरकारों को विभिन्न योजनाओं के तहत हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति एवं वार्षिक साख योजना बनाने हेतु राज्य में उपलब्ध संभाव्यताओं का ज्ञान होगा।
- प्रति व्यक्ति जमा एवं ऋण में राज्य के बाड़मेर एवं धौलपुर ज़िले न्यूनतम 10% जिलों में आते हैं। राज्य में ऋण उपलब्धता बढ़ाने एवं ऋण की लागत कम करने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

(कार्यवाही: एसएलबीसी एवं समस्त सदस्य बैंक)

- साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए वित्तीय साक्षारता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।
- समस्त आर-सेटी द्वारा प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार प्रतिशत मात्र 16% है। अतः सभी आर-सेटी संयोजक बैंक संबन्धित आर-सेटी में रोजगार-उन्मुख प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करवाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: समस्त आर-सेटी संयोजक बैंक)

- राज्य में वित्तीय समावेशन संबंधी योजनाएं, राज्य के कुछ क्षेत्रों में कम-घनत्व की और दूर दूर बसी हुई आबादी को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में वार्षिक साख योजनान्तर्गत क्षेत्रवार एवं कुल प्रदर्शन सराहनीय है। बैंकों से अनुरोध है कि प्रगति की गति वित्तीय वर्ष के अंत तक बनाए रखें।
- राजस्थान में कृषि क्षेत्र हेतु निर्धारित वार्षिक साख योजना के लक्ष्य (रु 1.53 करोड़), वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा सुझाए गए लक्ष्य (रु 1.86 करोड़) से कम है।
- किसानों की आय बढ़ाने हेतु कुल कृषि ऋण में निवेश ऋण न्यूनतम 40% के स्तर तक ले जाना आवश्यक है जो अभी लगभग 28% पर है। इस दिशा में सभी बैंक प्रयास करें।
- राज्य में निवेश ऋण कम होने का एक महत्वपूर्ण कारण, बैंकों के field level officers को संबन्धित निवेश ऋण योजनाओं का सही ज्ञान ना होना पाया गया है। बैंकों से अनुरोध है की शाखाओं में कार्यरत स्टाफ एवं बैंक मित्रों को इस संबंध में जागरूक करें। साथ ही JLG को वित्त पोषित करने पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि नाबार्ड द्वारा FIF के तहत जो परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं, उनमे जल्द से जल्द ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही FIF के तहत उपलब्ध सहायता राशि का अधिक से अधिक उपयोग करें।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि घर घर केसीसी अभियान के तहत अपेक्षित प्रदर्शन करें।
- देश में 30 मंडियों का डिजिटलीकरण किया जाना है जिनमे से 8 मंडियाँ राजस्थान में हैं (झुंझुनू, जोधपुर, भरतपुर, श्री गंगानगर व हनुमानगढ़)। सभी बैंकों से संबन्धित अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों का सायोग लेकर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध है।

- नाबार्ड द्वारा 5 गैर-कृषि गतिविधियों को geotag किया गया है- Jodhpur Bandhej Work, Koftagiri Metal Craft of Udaipur, Nathdwara Pichhwai Craft of Rajsamand, Bikaner Usta Kala, Hand Embroidery Art of Bikaner। बैंकों से अनुरोध है कि उक्त गतिविधियों के लिए संबन्धित ईकाइयों एवं कारीगरों को वित्तपोषण प्रदान करें।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सक्रियता से भाग लें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- किसानों की आय बढ़ाने के अन्य तरीके निम्नानुसार हैं-
  - किसान उत्पादक संगठन (FPOs)- नाबार्ड राज्य में 93 FPOs को प्रायोजित करता है किन्तु इनमे से मात्र 40 FPOs ही credit linked हैं। बैंकों से अनुरोध है कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित सभी FPOs का वित्तपोषन करने का प्रयत्न करें।
  - राज्य में कृषि क्षेत्र के अग्रिम में उपलब्ध संभाव्यताओं और अवसरों का विश्लेषण करने की आवश्यकता है।
  - JLG Financing- राज्य में 2 लाख से अधिक JLGs का NBFCs द्वारा ऊंची ब्याज दरों पर वित्तपोषण किया गया है। बैंकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक JLGs का वित्तपोषन करें जो इन JLGs के लिए भी सस्ता होगा।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- डुंगरपुर एवं सिरोही जिलों का सीडी अनुपात 40% से कम है। संबन्धित अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं इन जिलों में कार्यरत सभी बैंकों से अनुरोध है कि जल्द से जल्द सीडी अनुपात कम से कम 60% के स्तर पर लाने का प्रयास करें।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, डूंगरपुर व सिरोही, समस्त सदस्य बैंक)

- अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध है कि डीएलआरसी बैठकों में स्थानीय जन प्रतिनिधि को भी आमंत्रित करें।

(कार्यवाही: समस्त अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

- राजस्थान राज्य सहकारी बैंक द्वारा PACS के computerization में सराहनीय प्रगति की जा रही है। आगामी वर्ष के अंत तक यह कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति पश्चात बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ किया:

Confirmation of Minutes of 158th SLBC Meeting (17.08.2023)

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सर्वप्रथम बताया कि दिनांक 17.08.2023 को आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 31.08.2023 को समस्त हितधारकों को प्रेषित किए गए हैं एवं इसकी पुष्टि करने के लिए सदन से अनुरोध किया, तत्पश्चात सदन में उपस्थित समस्त सदस्यों ने उक्त कार्यवृत की पुष्टि की।

Banking at a glance in Rajasthan

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि सभी मापदण्डों में प्रगति संतोषजनक है-

Parameters	Sept, 20	Sept, 21	Sept, 22	Mar, 23	Sept, 23*
No. of Branches (new Br in Yr.)	8,189 (52)	8,194 (31)	8,347 (42)	8,580 (335)	8,726 (120)
***Around 67.56% branches in Rural & Semi Urban.**					
					Amt. in Rs. Crore
Deposits (% Y-o-Y Growth)	4,68,622 (7.97%)	5,11,415 (9.13%)	5,73,164 (12.07%)	6,17,975 (12.95%)	6,50,721 (13.53%)
Advances (% Y-o-Y Growth)	3,74,504 (3.97%	4,19,042 (11.90%)	4,88,501 (16.58%)	5,47,021 (17.26%)	6,06,324 (24.12%)

CD Ratio	81.87%	83.51%	85.23%	88.52%	93.18%
PS Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total advances)**	2,41,799 (10.04%) (64.57%)	2,70,851 (12.01%) (64.64%)	3,02,148 (11.56%) (61.85%)	3,32,679 (10.60%) (60.82%)	3,64,109 (20.50%) (60.05%)
Agri. Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total Advances)**	1,13,502 (10.13%) (30.31%)	1,24,760 (9.92%) (29.77%)	1,40,900 (12.94%) (28.84%)	1,50,456 (9.74%) (27.50%)	1,57,819 (12.01%) (26.03%)
MSME Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total advances)**	89,329 (12.70%) (23.85%)	1,05,646 (18.27%) (25.21%)	1,23,706 (17.09%) (25.32%)	1,40,864 (16.47%) (25.75%)	1,59,772 (29.15%) (26.35%)

Achievement against stipulated benchmark on September - 2023

सहायक महाप्रबंधक, **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति** ने सूचित किया कि-

- राज्य में सीडी अनुपात में **7.95%** की वृद्धि हुई है।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र outstanding में **रु. 61,961 करोड़** की बढ़ौतरी हुयी है।
- कृषि क्षेत्र outstanding में **रु. 16,919 करोड़** की बढ़ौतरी हुयी है।
- माइक्रो खातों में **1.40%** की की बढ़ौतरी हुयी है।
- एमएसएमई के तहत माइक्रो खातों की बकाया राशि में **रु. 21,133 करोड़** की बढ़ौतरी हुई है। (नेट बढ़ौतरी)
- बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम, कृषि, कमजोर वर्ग अग्रिम और छोटे और सीमांत किसानों को ऋण देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि पिछले 2-3 वर्षों से प्रतिशत के संदर्भ में गिरावट देखी जा रही है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

Districts wise CD ratio in Rajasthan

No. of District	CD Ratio Range	Name of Districts
12	>100%	Baran, Barmer, Bhilwara, Bundi, Chittorgarh, Hanumangarh, Jaisalmer, Jhalawar, Nagaur, Pratapgarh, Sri Ganganagar and Tonk
15	71-100%	Alwar, Banswara, Bharatpur, Bikaner, Churu, Dausa, Jaipur, Jalore, Jhunjhunu, Jodhpur, Kota, Pali, Sawai Madhopur, Sikar and Udaipur
5	51-70%	Ajmer, Dholpur, Dungarpur, Karauli and Rajsamand
1	<50%	Sirohi

Districts having CD ratio lower than all India level (as on September, 23)

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि राज्य के 13 जिलों यथा दौसा(77.88%), कोटा (76.00%), पाली (75.81%), भरतपुर (75.26%), बांसवाड़ा (74.15%), झुंझुनू (72.35%), उदयपुर (72.03%), अजमेर (68.88%), राजसमंद (67.81%), करौली (67.5%), धौलपुर (65.10%), डूंगरपुर (55.96%) एवं सिरोही (48.94%) का सीडी अनुपात, राष्ट्रीय औसत (78.25%) से कम है। सीडी अनुपात सुधारने हेतु इन जिलों में कार्यरत बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबंधकों को मिशन मोड में कार्य करने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, दौसा, कोटा, पाली, भरतपुर, बांसवाड़ा, झुंझुनू, उदयपुर, अजमेर, राजसमंद, करौली, धौलपुर, डूंगरपुर एवं सिरोही)

इनमे से सिरोही एवं डुंगरपुर जिलों का सीडी अनुपात 60% के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बेंचमार्क से भी कम है जो चिंतनीय है। उक्त जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों, सभी बैंकों एवं राज्य सरकार से अनुरोध है कि उपयुक्त कार्ययोजना बनाते हुए चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक सीडी अनुपात 60% के स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, सिरोही व डुंगरपुर, समस्त सदस्य बैंक, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार)

District wise per capita Deposit and Advances (as on 30th September, 23)

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि-

- धौलपुर, जालोर, करौली, नागौर, प्रतापगढ़ का जमा प्रति व्यक्ति क्रमशः 0.32 लाख, 0.36 लाख, 0.37 लाख, 0.39 लाख, 0.30 लाख है एवं अग्रिम प्रति व्यक्ति 0.21 लाख, 0.31 लाख, 0.25 लाख, 0.41 लाख, 0.36 लाख है अतः दोनों ही मापदंडों में उक्त जिलों का प्रदर्शन असंतोषजनक है। उक्त जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों, सभी बैंकों एवं राज्य सरकार से अनुरोध है कि उपयुक्त कार्ययोजना बनाते हुए जमा प्रति व्यक्ति एवं अग्रिम प्रति व्यक्ति बढ़ाने का प्रयास करें।

  (कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, धौलपुर, जालोर, करौली, नागौर, प्रतापगढ़, समस्त सदस्य बैंक, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार)

- राज्य का औसत जमा प्रति व्यक्ति रु 0.95 लाख एवं अग्रिम प्रति व्यक्ति रु 0.88 लाख है जिसमे सुधार की संभावना है।

Annual Credit Plan 2023-24

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि वार्षिक साख योजना 2023-24 हेतु निर्धारित लक्ष्य **रु. 2,79,855 करोड़** के सापेक्ष सितंबर, 2023 तिमाही तक क्षेत्र-वार उपलब्धि निम्नानुसार है-

- कृषि- 52.68%
- MSME- 94.14%
- अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र- 25.20%
- कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र- 65.02%

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक की टिप्पणी- MSME के तहत इतनी अधिक उपलब्धि का विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है कि इसमे से कितनी उपलब्धि नए ऋण वितरण के कारण है और कितनी उपलब्धि पुराने ऋण के नवीनीकरण एवं उधयोगों द्वारा उद्यम आधार पंजीकरण के कारण है।

(कार्यवाही: एसएलबीसी)

Banks having performance below 40% under Annual Credit Plan (ACP) during F.Y. 23-24 (upto September 2023)

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने वार्षिक साख योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में सितंबर 2023 तक **40% से कम** उपलब्धि वाले बैंक यथा पंजाब और सिंध बैंक (36.94%), राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक (36.50%), बैंक ऑफ महाराष्ट्र (20.57%), बंधन बैंक (39.30%) एवं भारतीय स्टेट बैंक (38.28%) से वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि करने का अनुरोध किया।

(कार्यवाही : भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब और सिंध बैंक, बंधन बैंक, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक)

प्रतिनिधि, **आरएमजीबी** ने सूचित किया कि चालू तिमाही में **50%** लक्ष्य उपलब्ध कर लिए हैं एवं वित्तीय वर्ष के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर लेंगे।

(कार्यवाही: आरएमजीबी)

प्रतिनिधि, **भारतीय स्टेट बैंक** ने सूचित किया कि इस तिमाही के अंत तक ऋण वितरण के 60% लक्ष्य एवं वित्तीय वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करेंगे।

(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक)

Agency wise snapshot of Investment Credit under Agriculture (as on 30.09.2023)

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि दिनांक 30.09.2023 तक वाणिज्यिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक एवं स्माल फ़ाइनेंस बैंकों की कुल कृषि अग्रिम के सापेक्ष निवेश ऋण क्रमशः **32.69%, 7.55%, 8.18% एवं 99.97%** हैं।

दिनांक 30.09.2023 तक राजस्थान राज्य के कुल कृषि ऋण में निवेश ऋण की प्रतिशत **(28.22%)** से कम प्रतिशत वाले बैंक निम्नानुसार हैं- आरएमजीबी (2.40%), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (5.20%), यूको बैंक (7.11%), राजस्थान राज्य सहकारी बैंक (4.71%), भारतीय स्टेट बैंक (10.05%), केनरा बैंक (9.55%), बीआरकेजीबी (9.91%), आईडीबीआई (10.20%), पंजाब और सिंध बैंक (12.94%), इंडियन बैंक (12.36%), बैंक ऑफ बड़ौदा (21.66%), पंजाब नेशनल बैंक (14.04%)।

उक्त बैंकों से अनुरोध है कि कुल निवेश ऋण कुल कृषि ऋण के 40% तक बढ़ाने हेतु प्रयास करें।

(कार्यवाही: आरएमजीबी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, राजस्थान राज्य सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बीआरकेजीबी, आईडीबीआई, पंजाब और सिंध बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक)

प्रतिनिधि, आरएमजीबी ने सूचित किया कि उनके बैंक द्वारा अभी तक विशेषकर केसीसी पर ध्यान केन्द्रित करने एवं CGTMSE के अंतर्गत ऋण वितरण की अधिकतम सीमा रु 50 लाख होने के कारण निवेश ऋण का स्तर कम है तथा निवेश ऋण बढ़ाने हेतु उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

Formation of new districts in the State of Rajasthan – Assignment of Lead Bank Responsibility

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि आरबीआई ने नए जिलों के लीड बैंकों को निम्नानुसार नामित करने का निर्णय लिया है-

Sr. No.	Lead Bank	Districts Assigned
1	State Bank of India	Balotra, Jaipur Rural, Neem Ka Thana, Sanchore
2	Bank of Baroda	Beawar, Kekri, Gangapur City, Shahpura
3	Punjab National Bank	Anupgarh, Deeg, Jaipur, Jodhpur, Khairthal-Tijara, Kotputli-Behror
4	UCO Bank	Didwana-Kuchaman, Dudu, Phalodi
5	ICICI Bank	Jodhpur Rural, Salumber

उक्त बैंकों से अनुरोध है कि आवंटित लीड जिलों में जल्द-से-जल्द, 30 नवंबर, 2023 से पहले सक्षम अग्रणी ज़िला प्रबन्धक को पदस्थापित करना सुनिश्चित करें। साथ ही नए बने जिलों में R-SETI और FLC की स्थापना अग्रणी बैंक द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द करें।

(कार्यवाही: समस्त डीसीसी संयोजक बैंक)

इसके अतिरिक्त सभी बैंकों से अनुरोध है कि नए जिलों हेतु ज़िला समन्वयक एवं 1 अतिरिक्त स्टाफ को जल्द से जल्द चयनित करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

उप-महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि नए जिलों समेत सभी जिलों में अपने ज़िला समन्वयकों तथा उनकी अनुपस्थिति में अन्य स्टाफ को पूरी तैयारी के साथ ज़िले की सभी डीसीसी/ डीएलआरसी/ बीएलबीसी बैठकों में सहभागिता करने हेतु निर्देशित करें। उक्त का एवं नए जिलों में अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों, ज़िला समन्वयकों एवं प्रति जिला 1 अतिरिक्त स्टाफ की पदस्थापना तथा नए बने जिलों में R-SETI और FLC की स्थापना आदि का विवरण भारतीय रिज़र्व बैंक को 31 दिसंबर 2023 तक साझा करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

Setting up of Brick-and-Mortar Branches Status as on 15.11.2023

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि राजस्थान में ब्रिक और मोर्टार शाखाएं खोलने के लिए चिन्हित **95** स्थानों में से **30** केन्द्रों पर पहले से शाखा खुली हुई हैं एवं शाखाओं को जन धन दर्शक ऐप्प पर अद्यतित कर दिया गया है। दिनांक 15.11.2023 तक **59** केन्द्रों पर शाखा खोली जा चुकी हैं एवं **06** केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टर शाखा खोलना लंबित है जिसकी स्थिति निम्नानुसार है-

Bank wise status of allocation of identified locations for Brick & Mortar Branches						
Sr. No.	**Name of Bank**	**No. of Villages Allotted**	**Already Covered by any Bank Branch (Updated on JDD App)**	**Consent for Opening of Branch**	**No of Branches Opened**	**No. of Branches pending for Opening**
1	Bandhan Bank	2	0	2	1	1
2	Central Bank Of India	2	0	2	0	2
3	Punjab National Bank	10	2	8	7	1
4	RSCB	1	0	1	0	1
5	State Bank Of India	13	5	8	7	1
	Grand Total	**28**	**7**	**21**	**15**	**6**

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि- बंधन बैंक की शेष एक शाखा का MICR कोड एवं राजस्थान राज्य सहकारी बैंक की शाखा का IFSC कोड आना लंबित है जिनके आते ही शाखाएं संचालित कर दी जावेगी।

(कार्यवाही: बंधन बैंक एवं राजस्थान राज्य सहकारी बैंक)

संयुक्त शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक की शेष शाखा हेतु परिसर उपलब्ध करवाने के संबंध में जल्द-से-जल्द संबन्धित ज़िला कलक्टर से बात करने का आश्वासन दिया।

(कार्यवाही: आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार)

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने भारतीय स्टेट बैंक से अनुरोध किया कि वह डीएलआरसी बैठक में ज़िला मजिसट्रेट से यह पुष्टि लेवें कि आवंटित केंद्र के 5 किमी के दायरे में कोई ग्राम नहीं है एवं 5 किमी के दायरे के बाहर अन्य ग्राम पर शाखा खोला जाना स्वीकृत है। फिर इस प्रस्ताव को एसएलबीसी में स्वीकृत करवाकर वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा जावेगा।

(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक)

प्रतिनिधि, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सूचित किया कि **21 दिसम्बर, 2023** जोकि बैंक का स्थापना दिवस है को दोनों केन्द्रों पर शाखाएँ खोल दी जाएंगी।

(कार्यवाही: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

राज्य परियोजना निदेशक, राजीविका ने सूचित किया कि झालावाड़ ज़िले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से स्वयं सहायता समूह आंदोलन मे अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है जिसके कारण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को अग्रेषित आवेदनों को निस्तारण हेतु अब दूसरे बैंकों को अग्रेषित किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। इस मामले में संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को संवेदित करने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

<u>New locations for setting up of Brick-and-Mortar branches</u>

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 17.03.2023 के माध्यम से राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को राज्य में बैंकिंग सेवा से रहित **3,327** ग्रामों की सूची प्रदान की है, जिनमे से **13** ग्राम, जिनकी जनसंख्या 3,000 से अधिक है, उन्हे राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा सदस्य बैंकों को आवंटित किया गया है, जिनकी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है-

Bank wise status of allocation of identified locations for Brick & Mortar Branches						
Sr. No.	**Name of Bank**	**No. of Villages Allotted**	**Already Covered By any Bank Branch (Updated on JDD App)**	**Consent for Opening of Branch**	**No of Branches Opened**	**No. of Branches pending for Opening**

1	AU Small Finance Bank	2	0	2	2	0
2	Bank Of India	3	0	3	3	0
3	Bank of Maharashtra	2	0	2	1	1
4	IDFC First Bank	3	0	1	0	3
5	Union Bank of India	3	1	1	0	2
	Grand Total	**13**	**1**	**9**	**6**	**6**

उक्त सभी बैंकों से अनुरोध है कि आवंटित केन्द्रों पर **दिनांक 31.12.2023** तक ब्रिक और मोर्टर शाखा खोलना सुनिश्चित करें। साथ ही आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से अनुरोध है कि उनको आवंटित शेष 2-2 केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टार शाखा खोलने हेतु जल्द-से-जल्द सहमति प्रदान करें।

(कार्यवाही: एयू स्माल फ़ाइनेंस बैंक, **बैंक ऑफ इंडिया**, **बैंक ऑफ महाराष्ट्र**, **आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया)**

प्रतिनिधि, **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** ने सूचित किया कि बैंक के उप-अंचल प्रमुख और परिसर विभाग के अधिकारी के केंद्र टापू के दौरे पर**,** गांव के सरपंच द्वारा यह सूचित किया गया कि बैंक शाखा खोलने के लिए ग्राम पंचायत परिसर में कोई उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा**,** प्रथम दृष्टया**,** इस उद्देश्य के लिए गांव के भीतर कोई वैकल्पिक उपयुक्त परिसर नहीं मिला है।

प्रतिनिधि, **आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक** ने सूचित किया कि शेष 3 में से 1 केंद्र पर 31 दिसम्बर तक शाखा खोल दी जावेगी। अन्य 2 केन्द्रों पर शाखा खोलने हेतु उपयुक्त स्थान नहीं मिल रहा है जिसके लिए बैंक द्वारा अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से सहयोग हेतु अनुरोध किया है**,** किन्तु अभी तक उनसे कोई समाधान प्राप्त नहीं हुआ है।

सहायक महाप्रबंधक, **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति** ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक से अनुरोध किया कि क्रमशः सरपंच एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक तक सीमित नहीं रहें एवं बैंक के उच्चाधिकारी स्वयं ही ज़िला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क करें। साथ ही परिसर प्रदान करवाने हेतु सिर्फ प्रशासन पर ही निर्भर ना रहें अपितु अपने स्तर पर भी शाखा खोलने के लिए उपयुक्त परिसर ढूँढने हेतु सक्रिय एवं पूर्ण प्रयास करें। **साथ ही 31 दिसंबर 2023 तक अद्यतित स्थिति एसएलबीसी के साथ साजा करें।**

(कार्यवाही: बैंक ऑफ महाराष्ट्र, **आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक)**

प्रतिनिधि, **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने सूचित किया कि 17 **KYD** पर शाखा खुल गयी है तथा 20 **KD** 17 **KYD** के 5 किमी के दायरे मे होने के कारण अब कवर्ड है। शेष केंद्र उत्तरलाई सिटी में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कार्यरत है। उन्होने उक्त सूचनाएँ पोर्टल पर अद्यतित करवाने का आश्वासन दिया।

(कार्यवाही: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया)

<u>Uncovered villages within 5KM radius</u>

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि जन धन दर्शक ऐप्प के अनुसार राज्य में **180** ग्रामों में 5 किमी के दायरे में बैंकिंग आउटलेट नहीं है, जो बैंकिंग आउटलेट खोलने हेतु राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा विभिन्न बैंकों को आवंटित कर दिये गए हैं। इनमे से **175** ग्रामों को विभिन्न बैंकों द्वारा बैंकिंग आउटलेट से कवर कर दिया गया है एवं **5** केंद्र (1 -बीआरकेजीबी, 2- पंजाब नेशनल बैंक, 2- भारतीय स्टेट बैंक) बैंकिंग आउटलेट से कवर किए जाने हेतु शेष हैं। उक्त बैंकों को शेष केन्द्रों पर जल्द-से-जल्द बैंकिंग आउटलेट खोलने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बीआरकेजीबी)

<u>Saturation Drive for Jan Suraksha Schemes</u>

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के तहत दिनांक 08.11.2023 तक की प्रगति इस प्रकार है:

Special Drive for Jan Suraksha Scheme						
as on Date	PMJJBY		PMSBY		APY	
	Target	Enrolled	Target	Enrolled	Target	Enrolled
02.08.2023	69,15,500	30,36,629 (44%)	96,73,911	65,92,190 (68%)	56,33,175	9, 70,035 (17%)
08.11.2023	69,15,500	32,45,700 (47%)	96,73,911	71,31,68 (74%)	56,33,175	10,30,645 (18%)
Progress		**2,09,071**		**5,39,495**		**60,610**

सभी बैंकों से अनुरोध है कि वह वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से सूचित किए गए, संतृप्ति अभियान के संशोधित लक्ष्यों के अनुरूप, जन सुरक्षा योजनाओं यथा PMJJBY, PMSBY एवं APY के तहत **सितंबर 2024** तक **100%** लक्ष्य उपलब्धि करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की टिप्पणी- सुरक्षा बीमा योजनाओं के तहत वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार के आदेशानुसार 30 सितंबर, 2023 तक 70% लक्ष्य प्राप्त किए जाने थे, जिसके सापेक्ष PMJJBY एवं APY में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। सभी अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं बैंकों से गाँव-गाँव शिविरों का आयोजन करके सितंबर 2024 तक 100% लक्ष्य उपलब्ध करने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की टिप्पणी- सुरक्षा बीमा योजनाओं के लक्ष्य उपलब्ध करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम भी से पूर्ण प्रयास करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

Atal Pension Yojna FY 2023-24:

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि राज्य में कुल **6,75,280** नामांकन के लक्ष्य के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 28.10.2023 तक 3,59,386 **(53%)** नामांकन किए गए हैं जो संतोषजनक हैं।

किन्तु उक्त योजनान्तर्गत निजी बैंकों का प्रदर्शन असराहनीय है एवं स्माल फ़ाइनेंस बैंकों को प्रदर्शन में और सुधार करने की आवश्यकता है। सभी स्माल फ़ाइनेंस बैंकों एवं निजी बैंकों से, विशेषकर **एचडीएफ़सी, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक एवं आईडीबीआई बैंक** से अनुरोध है कि अटल पेंशन योजना में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करें।

(कार्यबाही: समस्त निजी बैंक एवं स्माल फ़ाइनेंस बैंक)

अटल पेंशन योजनान्तर्गत **एजेंसी-वार** उपलब्धि निम्नानुसार है-

- वाणिज्यिक बैंक-63%
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक-55%
- स्माल फ़ाइनेंस बैंक-38%
- एचडीएफ़सी, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई एवं एक्सिस बैंक-2%
- अन्य निजी बैंक- 35%
- सहकारी बैंक-9%

Deepening of Digital Payments Ecosystem:

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि

- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार, सदन के अनुमोदन से राज्य के सभी जिलों में **बचत** एवं **चालू खातों** का 100% डिजिटलीकरण **मार्च 2024** तक किए जाने का निर्णय लिया गया है।
- राज्य में औसतन **92.19%** बचत खातों में डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

